आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 11.10.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 21 सितंबर 2025 को आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा को निरस्त किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के 840 राजकीय विद्यालयों में हाइब्रिड मोड में संचालित वर्चुअल और स्मार्ट कक्षाओं के केन्द्रीयकृत स्टूडियो का शुभारंभ किया।
- और... सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा– देहरादून मिलिट्री स्टेशन में इंटीग्रेटेड वेटरन्स वेलनेस एंड सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा।

--------------

परीक्षा निरस्त

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 21 सितंबर 2025 को आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है। यूकेएसएसएससी के अध्यक्ष गणेश सिंह मार्तोलिया ने बताया कि यह निर्णय जांच आयोग की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि राज्य में परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे।

सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में हर छात्र के लिए निष्पक्ष अवसर और भरोसेमंद परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नकल प्रकरण की जाँच के लिए सीबीआई की संस्तुति कर दी है, सरकार छात्रों के भविष्य और अभिभावकों के विश्वास के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होने देगी।

पीएम ऑन कृषि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने 35 हजार करोड रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहल पीएम धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आत्मनिर्भरता और किसानों के कल्याण के लिए ये दो नई योजनाएं शुरू की गई हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन भावी पीढी को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत के विकास के लिए देश की कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक थे और ये सुधार 2014 में ही शुरू हो गए थे। श्री मोदी ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में, भारत का कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो गया है।

वर्चुअल कक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रदेश के 840 राजकीय विद्यालयों में हाइब्रिड मोड में संचालित वर्चुअल और स्मार्ट कक्षाओं के केन्द्रीयकृत स्टूडियो का शुभारंभ किया। यह पहल राज्य में डिजिटल शिक्षा को सशक्त बनाने तथा विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी संसाधनों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

देहरादून स्थित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय से विद्यार्थियों को वर्चुअली संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल तकनीक, वर्चुअल प्लेटफॉर्म और स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से अनेक संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। इन नवाचारों के माध्यम से पाठ्यक्रम अधिक रोचक और सहज बन रहा है, साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थी भी विशेषज्ञों और शिक्षकों से सीधे संवाद कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अब विद्यार्थी 'उत्तराखंड वर्चुअल लर्निंग एप्लीकेशन' के माध्यम से घर बैठे आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इस ऐप के माध्यम से विद्यार्थी स्वयं अपना मूल्यांकन भी कर सकेंगे। इसके अलावा, इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यार्थियों को देश और राज्य के प्रतिष्ठित शिक्षकों से सीखने का अवसर प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक ऑनलाइन शिक्षा पहुँचाने के लिए '5—पीएम ई—विद्या चैनल' भी संचालित कर रही है।

''देवभूमि मेगा पूर्व सैनिक रैली''

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून में आयोजित ''देवभूमि मेगा पूर्व सैनिक रैली'' को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों का त्याग, अनुशासन और देशप्रेम समाज के लिए अमूल्य प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि जो संस्कार और अनुशासन पूर्व सैनिकों ने अपने जीवन में स्थापित किए हैं, वे आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने पूर्व सैनिकों के राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की और कहा कि उत्तराखण्ड के वीर जवानों ने हर युद्ध और संकट में अपनी वीरता से राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। सीडीएस ने कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाएं आज तेजी से आधुनिक युद्ध प्रणाली और तकनीक की ओर बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हम एक शांतिप्रिय राष्ट्र हैं, लेकिन अपनी संप्रभुता पर किसी भी प्रकार का खतरा बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सीडीएस ने कहा कि देहरादून मिलिट्री स्टेशन में इंटीग्रेटेड वेटरन्स वेलनेस एंड सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र पूर्ण रूप से तकनीक आधारित और पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए समर्पित होगा।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस है। इस अवसर पर देहरादून में आयोजित 'बालिका शिक्षा प्रोत्साहन' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने 2024 और 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में टॉप करने वाली 326 मेधावी बालिकाओं को मोबाइल फोन वितरित किए। बालिकाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2013 में शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत राज्य की 2 हजार 29 मेधावी बालिकाएँ तकनीकी रूप से सशक्त हुई हैं।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार बालिकाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक स्वावलंबन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य की बालिकाओं से चुनौतियों का सामना करने और अपना रास्ता खुद बनाने का आग्रह किया। पत्रकारों से बातचीत में श्रीमती आर्या ने कहा कि सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।